# HND 303

# B.A. $V^{th}$ SEMESTER EXAMINATION, 2024-25

## हिन्दी

महाराणा प्रताप महाविद्यालय
8-1-25
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

## हिन्दी का राष्ट्रीय काव्य (प्रथम)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**1549**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1:30 Hrs.**
**समय : 1:30 घण्टे**

**Max. Marks : 75**
**अधिकतम अंक : 75**

**नोट : पुस्तिका में 50 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. राष्ट्रीय चेतना का सम्बन्ध है –

(A) शासक के प्रति निष्ठा और समर्पण की भावना से

(B) राज भक्ति से

(C) राज्य प्रशस्ति से

(D) राष्ट्रीय गौरव और संस्कृति की खोज तथा राष्ट्र की उन्नति से

2. आदिकाल का नामकरण 'चारण काल' किस इतिहासकार द्वारा किया गया –

(A) आ० शुक्ल व हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) गणपति चन्द गुप्त

(D) ग्रियर्सन व रामकुमार वर्मा

3. 'आल्ह खण्ड' का प्रधान रस कौन सा है –

(A) वीर रस

(B) शृंगार रस

(C) करुण रस

(D) विभत्स रस

4. आदिकाल का नामकरण 'वीरकाल' किस इतिहासकार द्वारा किया गया –

(A) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) रामचन्द्र शुक्ल

(D) गणपति चन्द गुप्त

5. 'वीर रोस बट बैर बर' काव्य पंक्ति है –

(A) रसखान की

(B) चन्दबरदाई की

(C) जगनिक की

(D) सूरदास की

6. 'पृथ्वीराज रासो' में कितने समय (सर्ग) हैं –

(A) 20 समय

(B) 54 समय

(C) 67 समय

(D) 69 समय

7. परमाल रासो के रचयिता हैं –

(A) तुलसीदास

(B) सूरदास

(C) जगनिक

(D) विद्यापति

8. 'पृथ्वीराज रासो' किस काव्य विधा की रचना है –

(A) मुक्तक काव्य

(B) प्रबन्ध काव्य

(C) खण्ड काव्य

(D) चरित काव्य

9. गोस्वामी तुलसीदास को 'जातीय कवि' किसने कहा –

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामविलास शर्मा

(C) अमृतलाल नागर

(D) रामचन्द्र तिवारी

10. भक्तिकाल को किस विद्वान ने 'लोक जागरण' काल के नाम से पुकारा है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) शिवसिंह सेंगर

(C) डॉ० रामविलास शर्मा

(D) बाबू श्यामसुंदर दास

11. असत्य कथन है –

(A) भारतेन्दु हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत हैं

(B) कुरीतियों का खण्डन भारतेन्दु युग के काव्य का प्रधान लक्ष्य था

(C) 'देशवत्सलता' और लोक शिक्षण को भारतेन्दु ने नाटक का उद्देश्य नहीं माना

(D) उपर्युक्त सभी

12. "रोवहु सब मिलि, आवहु भारत भाई"

पंक्ति किस कवि की है?

(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(B) नाथूराम शंकर

(C) ठा० जगमोहन सिंह

(D) उदयशंकर

13. 'वे आर्य ही थे जो कभी अपने लिये जीते न थे' – काव्य पंक्ति है –

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(B) द्वारिका प्रसाद महेश्वरी

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान

(D) मैथिलीशरण गुप्त

14. छायावाद को 'चित्र भाषा पद्धति' कहा है –

(A) डॉ० रामकुमार वर्मा ने

(B) डॉ० नगेन्द्र ने

(C) सुमित्रानंदन पंत ने

(D) नंददुलारे वाजपेयी ने

15. 'भूषण ' किस धारा के कवि थे –

(A) रीति बद्ध धारा के

(B) निर्गुण भक्ति धारा के

(C) रीति सिद्ध धारा के

(D) रीति मुक्त धारा के

16. हाथिन के हौदा उकसाने, कुम्भ कुंजर के........को भजाने अलि छूटे लट......के। में रिक्त स्थान भरें :

(A) केस, भौन

(B) नैन, केस

(C) भौन, केस

(D) केस, मेघ

17. सही कथन है –

(A) गुरु गोविन्द सिंह ने शिवा बावनी की रचना की

(B) भूषण पन्ना के महाराज छत्रसाल के आश्रित थे

(C) भूषण वीर रस के कवि नहीं थे

(D) उपर्युक्त सभी

18. गुरु गोविन्द सिंह की रचनाओं के संग्रह का नाम है –

(A) खालसा महिमा

(B) ज्ञान परबोध

(C) दशमग्रंथ

(D) जाप साहिब

19. गुरु गोविन्द सिंह का जन्म–स्थान है –

(A) पटना

(B) सिवान

(C) गोपालगंज

(D) रांची

20. 'निकसत म्यान तें मयूखैं प्रलैभानु कैसी' काव्य पंक्ति है –

(A) गुरु गोविन्द सिंह की

(B) कबीर की

(C) भूषण की

(D) लाल कवि की

21. भूषण कवि को 'भूषण' नाम किस राजा के द्वारा प्रदान किया गया –

(A) शिवाजी द्वारा

(B) महाराणा प्रताप द्वारा

(C) चित्रकूट के राजा रूद्र द्वारा

(D) जार्ज ग्रियर्सन द्वारा

22. 'देहु सिवा बरु मोहि इहै' की भाषा है –

(A) अवधी

(B) ब्रजभाषा

(C) अपभ्रंश

(D) बुन्देली

23. सही कथन है –

(A) 'देह सिवा बरु मोहि इहै, गुरु गोविन्द सिंह द्वारा रचित चण्डी चरितर में एक शबद है

(B) 'देह सिवाबरु मोहि इहै, भूषण की पंक्ति है

(C) 'देह सिवा बरु मोहि इहै, गुरु गोविन्द सिंह द्वारा रचित चण्डी चरितर का शबद नहीं है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. मैथिली शरण गुप्त की कविता 'मातृभूमि' में मातृभूमि के लिए नहीं कहा गया है –

(A) क्षेममयी

(B) वात्सल्यमयी

(C) दु:खहत्री

(D) दु:खमयी

25. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – 'यह पुण्य भूमि प्रसिद्ध है इसके निवासी....... हैं।

(A) अनार्य

(B) आर्य

(C) अनश्वर

(D) नीश्वर

26. 'नीलाम्बर परिधान ........पट पर सुन्दर है' में रिक्त स्थान भरे –

(A) लौह

(B) पीत

(C) हरित

(D) श्वेत

27. सुमेलित करें –

| कवि | कविता |
|---|---|
| (क) भूषण | 1 वीरों का कैसा हो बसन्त |
| (ख) मैथिली शरण गुप्त | 2 बाण चले तेई कुमकुममानो |
| (ग) सुभद्रा कुमारी चौहान | 3 चेतना |
| (घ) गुरु गोविन्द सिंह | 4 निजम्यान ते मयूखैं |

(A) क – 2, ख – 4, ग – 1, घ – 3

(B) क – 2, घ – 4, ग – 3, ख – 1

(C) ग – 3, घ – 1, ख – 2, क – 4

(D) ग – 1, ख – 3, क – 4, घ – 2

28. 'नदियां, जहाँ ......... की धारा बहा रही हैं। में रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

(A) सुधा

(B) फेन

(C) दूध

(D) अमृत

29. सुमेलित नहीं है –

(A) वह देश कौन सा है – रामनरेश त्रिपाठी

(B) जवानी – माखनलाल चतुर्वेदी

(C) बाने–फहराने – गुरु गोविन्द सिंह

(D) आर्य – मैथिलीशरण गुप्त

30. रामनरेश त्रिपाठी ने आठ भागों में ग्रामगीतो तथा उर्दू, बांग्ला एवं संस्कृत की कविताओं का संकलन किस पुस्तक में किया –

(A) स्वप्न

(B) मिलन

(C) कविता – कौमुदी

(D) इनमें से कोई नहीं

31. प्रकाशन वर्ष के अनुसार रामनरेश त्रिपाठी की रचनाओं का सही क्रम है –

(A) मिलन, पथिक, स्वप्न, कविता – कौमुदी

(B) पथिक, स्वप्न, मिलन, कविता– कौमुदी

(C) पथिक, कविता – कौमुदी, मिलन, स्वप्न

(D) मिलन, स्वप्न, पथिक, कविता – कौमुदी

32. माखन लाल चतुर्वेदी का जन्म किस सन् में हुआ था?

(A) 1889 में

(B) 1860 में

(C) 1817 में

(D) 1857 में

33. 'महलों ने दी आग, झोपड़ी ने ज्वाला सुलगाई यह स्वतन्त्रता की चिंगारी ......... से आई थी' रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

(A) अन्तरतम

(B) प्रकाश

(C) बाहर

(D) इनमें से कोई नहीं

34. 'बलि होने की परवाह नहीं

मैं हूँ, कष्टों का राज रहे।

मै जीता, जीता जीता हूँ

माता के हाथ स्वराज रहे'।

उपर्युक्त काव्य पंक्तियाँ हैं –

(A) सोहनलाल द्विवेदी की

(B) माखनलाल चतुर्वेदी की

(C) जयशंकर प्रसाद की

(D) रामनरेश त्रिपाठी की

35. 'सब पूछ रहें हैं दिग–दिगन्न वीरों का कैसा हो बसंत।'

काव्य पंक्तियाँ हैं –

(A) रामनरेश त्रिपाठी की

(B) मैथिलीशरण गुप्त की

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान की

(D) माखनलाल चतुर्वेदी की

36. सही कथन है –

(A) 'मातृभूमि' में रत्नाकर शब्द का प्रयोग भारतीय संस्कृति और विरासत को संदर्भित करने के लिए किया गया है

(B) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म खण्डवा में हुआ था

(C) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म महोबा में हुआ था

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. 'वे मोह बंधन मुक्त थे, स्वच्छंद थे स्वाधीन थे सम्पूर्ण सुख संयुक्त थे, वे शांति ...........थे।

रिक्त स्थान की पूर्ति करें –

(A) शिखरासीन

(B) मंचासीन

(C) स्वाधीन

(D) अधोगति

38. नीचे नील समुद्र मनोहर ऊपर नील गगन है।

घर पर बैठ, बीच में बिचरुं यही चाहता मन है

पंक्ति है –

(A) मैथिलीशरण गुप्त की

(B) रामनरेश त्रिपाठी की

(C) माखनलाल चतुर्वेदी की

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान की

39. कुटियों में भी विषम–वेदना, महलों में आहत अपमान,

वीर सैनिकों के मन में था अपने पुरखों का अभिमान।

उपरोक्त पंक्ति उद्धृत है –

(A) 'मातृमंदिर में' से

(B) 'राजी की चुनौती' से

(C) 'झाँसी की रानी' से

(D) 'विजयदशमी' से

40. 'हम कौन थे, क्या हो गये है, और क्या होंगे अभी।
आओ विचारें आज मिलकर, यह समस्याएँ सभी।।
उपर्युक्त काव्य पंक्ति का शीर्षक है –

(A) आर्य

(B) अनार्य

(C) भारतभूमि

(D) मातृभूमि

41. 'अधिकार खोकर बैठे रहना यह महादुष्कर्म है
न्यायार्थ अपने बंधु को भी दंड देना धर्म है।'
उपरोक्त काव्य पंक्ति है –

(A) निराला की

(B) दिनकर की

(C) मैथिलीशरण गुप्त की

(D) महादेवी वर्मा की

42. 'प्राण अन्तर में लिए, पागल जवानी'
उक्त काव्य पंक्ति है –

(A) भारतेन्दु की

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान की

(C) मीराबाई की

(D) माखन लाल चतुर्वेदी की

43. 'भीतर भीतर सब रस चूसै

हँसि हँसि कै तन मन धन मूसै'।

उपर्युक्त काव्य पंक्ति में किसकी विशेषता बताई गई है?

(A) देशी राजाओं की

(B) सामंतो की

(C) अंग्रेजों की

(D) इनमें से कोई नहीं

44. 'संपूर्ण देशों से अधिक किस देश का उत्कर्ष है उसका जो ऋषि भूमि है वह कौन?......... है।'

उपर्युक्त काव्य पंक्ति में रिक्त स्थान पर उपर्युक्त शब्द होगा –

(A) भारत

(B) पावनभूमि

(C) गंगाभूमि

(D) भारतवर्ष

45. गुरु गोविन्द सिंह की रचना है–

(A) दूषनोल्लासा

(B) छत्रसालदशक

(C) प्रद्युम्न–विजय

(D) जफरनामा

46. आल्हखंड का संग्रह किया था –

(A) जार्ज ग्रियर्सन ने

(B) रामचन्द्र शुक्ल ने

(C) चार्ल्स इलियट ने

(D) इनमें से कोई नहीं

47. नैनागढ़ की लड़ाई का सम्बन्ध है –

(A) आल्हखण्ड से

(B) पृथ्वीराज रासो से

(C) वीसलदेव रासो से

(D) हम्मीर रासो से

48. रासो काव्य–परंपरा में रेवा तट का उल्लेख मिलता है –

(A) परमाल रासो में

(B) पृथ्वीराज रासो में

(C) आल्हरखण्ड में

(D) इनमें से कोई नहीं

49. 'हिम क़िरीटिनी' रचना है –

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) बिहारी

(C) माखन लाल चतुर्वेदी

(D) इनमें से कोई नहीं

50. 'मुकुल' काव्य–संग्रह किसकी रचना है –

(A) महादेवी वर्मा

(B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) मीराबाई

(D) बंग महिला

*****